FAQs

सवाल हैं?
हम मदद कर सकते हैं।

स्माल बिज़नेस फ्लेक्स फण्ड किसके लिए है ?

स्माल बिज़नेस फ्लेक्स फण्ड COVID-19 के जवाब में विकसित किया गया है, और वाशिंगटन राज्य के छोटे व्यवसायों और नॉन प्रॉफिट संगठनो के हाथों में आर्थिक सहायता पहुँचाने के लिए बनाया गया है।
आवेदन के योग्य होने के लिए, छोटे व्यवसायों और नॉन प्रॉफिट संगठनो में 50 या कम पूर्णकालिक कर्मचारी होने चाहिए, वार्षिक आय $3 मिलियन से कम होनी चाहिए और उन्हें COVID-19 के कारण सीधा आर्थिक घाटा महसूस हुआ हो.

यह PPP और दूसरे COVID-19 बहाली कार्यक्रम से अलग कैसे है?

स्माल बिज़नेस फ्लेक्स फण्ड क्षमा योग्य ऋण नहीं हैं। यह कार्यक्रम फ़ेडरल पे चेक प्रोटेक्शन प्रोग्राम या कोई भी SBA प्रोग्राम से जुड़ा नहीं है। ऋणी को ऋण की पूरी राशि ब्याज सहित 5 वर्ष की अवधि में चुकानी होगी।

यदि मुझे मेरे छोटे व्यवसाय के लिए COVID-19 रिलीफ फण्ड मिल चुका है, क्या तब भी मैं इसके लिए आवेदन कर सकता हूँ?

हाँ। यह फण्ड वाशिंगटन के छोटे व्यवसायों और नॉन प्रॉफिट संगठनो को COVID-19 के कारण हुए अभूतपूर्व सार्वजनिक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट के बाद पुनर्निर्माण के लिए बनाया गया था, COVID-19 रिलीफ के कोई भी और फण्ड जो आपको अपने व्यवसायों के लिए मिले हैं वो अलग हैं और स्माल बिज़नेस फ्लेक्स फण्ड के लिए आवेदन करने और ऋण मिलने की आपकी योग्यता को प्रभावित नहीं करते हैं।

यह ऋण मैं किसके लिए उपयोग कर सकता हूँ?

स्माल बिज़नेस फ्लेक्स फण्ड ऋण पूरी व्यावसायिक जरूरतों के लिए जिसमे वेतन भुगतान, यूटिलिटीज और किराया, भवन मरम्मत, प्रचार, सामान और अन्य व्यवसायिक खर्चे के लिए उपयोग किया जा सकता है। जब आप सामुदायिक ऋणदाता को आवेदन देंगे, आपको ऋण का प्रस्तावित उपयोग का विस्तृत वर्णन करना होगा।

स्थानीय सामुदायिक ऋण दाता कौन हैं?

स्माल बिज़नेस फ्लेक्स फण्ड को जो अनोखा बनता है वो है नॉन प्रोफिट, सामुदायिक ऋण दाताओं का नेटवर्क। 40 वर्षों से अधिक यह कम्युनिटी डेवलपमेंट फाइनैंशियल इंस्टीटूशन्स (CDFIs) छोटे व्यवसायों और नॉन प्रॉफ़िट्स की उन्नति में मदद करने को समर्पित हैं। CDFIऐतिहासिक रूप से अंडरबैंकड समुदायों की अनोखी जरूरतों को पूरा करने के लिए है और उन्हें इन समुदायों में ऋण लेने वालों को ऋण देने का सालों का अनुभव है।

यदि मुझे आवेदन पत्र के लिए मदद चाहिए हो तो?

जब आप SmallBusinessFlexFund.org पर जाएंगे, आप को स्थानीय,सामुदायिक ऋण दाता से जोड़ा जाएगा जो कि ऋण के पूरे आवेदन में हर कदम पर आपकी मदद करेंगे और साथ में अतिरिक्त सहायता सेवाएं भी प्रदान करेंगे।

ऋण की शर्तें क्या हैं ?

60 महीने की अवधि

फॉर प्रोफिट व्यवसायों के लिए: 4% फिक्स्ड इंटरेस्ट

नॉन प्रॉफिट: 3% फिक्स्ड इंटरेस्ट

क्या मुझे सुरक्षा के लिए ज़मानत देना होगा?

योग्यता के लिए, कोई विशेष ज़मानत की आवश्यकता नहीं है - जैसे आपके पास कोई विशेष संपत्ति या उपकरण होने की आवश्यकता नहीं है हालाँकि आपका ऋणदाता पहले ब्लैंकेट फाइल कर सकता है या व्यापारिक पूँजी पर दूसरा दावा फाइल कर सकता है। व्यवसाय के 20% से ज्यादा स्वामित्व के मालिक को अपनी निजी गारंटी देनी होगी।

यदि मैं आवेदन के योग्य हूँ तो क्या मेरा ऋण स्वीकृत होना पक्का है ?

कितने आवेदन पत्र आते हैं, इसपे निर्भर करता है कि शायद सारे आवेदन कर्ताओं को ऋण न मिल पाए। आवेदन पत्रों की लगातार समीक्षा की जायेगी। इसके साथ ही सारे ऋण की अंडर राइटिंग समीक्षा की जायेगी और सामुदायिक ऋण दाताओं की स्वीकृति ली जायेगी जो कि अपना स्वयं का क्रेडिट निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार होंगे। कृपया ध्यान रखे की यह ऋण देने का प्रस्ताव् या वचन नहीं है। सभी रेट और ऋण की शर्तें बदल सकती हैं।

आवेदन करने के लिए क्या मेरा व्यवसाय वाशिंगटन में स्थित होना चाहिए?

हाँ, मुख्य कार्यालय अथवा मुख्यालय वाशिंगटन स्टेट में होना आवश्यक है।

क्या यह स्माल बिज़नेस फ्लेक्स फण्ड लोन क्षमा योग्य है?

यह क्षमा योग्य ऋण नहीं है। यह कार्यक्रम फ़ेडरल पे चेक प्रोटेक्शन प्रोग्राम या कोई भी SBA प्रोग्राम से जुड़ा नहीं है। स्माल बिज़नेस फ्लेक्स फण्ड के ऋणी को ऋण की पूरी ऋण राशि अपने स्वीकृत ब्याज दर - 3% से 4% के बीच 60 महीने के अंदर चुकानी होगी।

यदि मैं एक भुगतान देना चूक जाऊं तो क्या होगा?

यदि आप ऋण का भुगतान समय पर नहीं करते हैं, तो आपको सामुदायिक ऋण दाता द्वारा निश्चित की गयी लेट फी देनी पड सकती है। भुगतान में असफल होने पर ऋण को बकाया घोषित करा जा सकता है। आवेदन के दौरान आपका सामुदायिक ऋण दाता आपसे ऋण समझौते पर पूरी बातचीत करके आपको भुगतान देर से करने की और अन्य शर्तों को समझायेगा।

कौन से व्यवसाय ऋण के आवेदन के योग्य नहीं हैं?

यह व्यवसाय जो योग्य नहीं हैं, उनमे निम्न शामिल हैं, परन्तु सिर्फ ये ही नहीं:

- कॉरपोरेट फ्रैंचाइज़
- बैंक ब्रांच
- पे डे लोन स्टोर्स
- पौन शॉप्स
- एस्ट्रोलॉजी, पाम रीडिंग
- एडल्ट बुक स्टोर्स, स्ट्रिप क्लब्स
- ट्रैक वेजिंग फैसिलिटीज
- कैनाबिस व्यवसाय और फर्म्स जो कि ऐसी गतिविधियों में शामिल हैं जो कि केंद्रीय कानून या जहाँ व्यवसाय स्थित है वहां के कानून के खिलाफ हैं
- कोई भी व्यवसाय जो दिवालिया हो या रिसीवर्शिप में हो

मैं शुरुआत कैसे करूँ?

SmallBusinessFlexFund.org पर जाइये

SMALL BUSINESS flex FUND

आवेदन करने के लिए क्या जानकारी चाहिए होगी ?

आपके पूरे आवेदन पत्र के लिए, आपको सामुदायिक ऋण दाता को निम्न कागज़ात देने होंगे:

- हाल के जमा किये हुए टैक्स रिटर्न्स, यदि हों और ऋण दाता मांगे
- बैंक स्टेटमेंट्स और/या अंदरूनी आर्थिक स्टेटमेंट्स
- 20% से अधिक स्वामित्व वाले व्यवसायों के मालिकों की जानकारी
- नाम, पता, SSN, EIN या ITIN, फ़ोन नंबर
- ईमेल, स्वामित्व प्रतिशत, और फोटो ID
- भरा हुआ प्रमाणित फॉर्म (सामुदायिक ऋण दाता द्वारा दिया जाएगा)
- COVID-19 का आपके व्यवसाय या संगठन पर प्रभाव का संक्षिप्त विवरण
- व्यवसाय या नॉन प्रॉफिट संस्था के क़ानूनी निर्माण का प्रमाण (जैसे समावेश के आर्टिकल्स और बाई लॉज़)
- निजी गारंटी (व्यवसायों के लिए)
- सामुदायिक ऋण दाता द्वारा मांगे गए अन्य दस्तावेज़ आवेदन के समय या आवेदन के बाद

एक भागीदार सामुदायिक ऋण दाता आपसे कागज़ात एकत्रित करने के लिए संपर्क करेगा, क्रेडिट चेक संचालित करेगा, और आवेदन पत्र की कार्यवाही पूरी करेगा।

आज ही अपने स्थानीय, सामुदायिक ऋण दाता से संपर्क करें !

SMALLBUSINESSFLEXFUND.ORG

Washington State Department of Commerce